RAF SECTOR
NEWS CLIP
29/04/2022

TO SERVE HUMANITY WITH SENSITIVE POLICING

Prabhat Khabar,Ghatshila, (Jkd)

रैफ कर्मियों को मेडिटेशन का कराया गया अभ्यास

नरवा . सुंदरनगर स्थित आरएएफ 106 बटालियन के कमांडेंट निशीत कुमार के निर्देशन एवं द्वितीय कमान अधिकारी शैलेंद्र कुमार के नेतृत्व में सड़क सुरक्षा एवं मेडिटेशन अभ्यास कार्यक्रम को लेकर प्रजापति ब्रम्ह कुमारी ईश्वरीय विद्यालय के माध्यम से शिविर आयोजित किया गया. इस अवसर पर प्रजापति ब्रम्ह कुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के अंजू दीदी, लक्ष्मी बहन, सुभाष, हरी भाई, संतोष भाई व संस्थान के अन्य स्वयं सेवकों ने कार्यक्रम का संचालन करते हुए रैफ 106 कर्मियों को मेडिटेशन का अभ्यास कराया एवं इससे होने वाले लाभ के बारे में बताया. साथ ही अमूल्य जीवन की सुरक्षा के लिये सड़क सुरक्षा से संबंधित आवश्यक जानकारी दी. मौके पर रैफ 106 बटालियन के अधिकारी व कर्मी उपस्थित थे.

Dainik Bhaskar,Jaipur, (Raj)

पुलिस और आरएएफ ने निकाला फ्लेग मार्च

भास्कर संवाददाता | नावां सिटी

पुलिस व रेपिड एक्शन फोर्स की बटालियन की ओर से बुधवार को शहर के मुख्य मार्गो से फ्लेग मार्च निकाला गया। थानाधिकारी धर्मेश दायमा ने बताया कि भारत सरकार के केन्द्रीय गृह मंत्रालय के आदेशानुसार रेपिड एक्शन फोर्स की 83 बटालियन के कमाण्डेंट प्रवीण कुमार के मार्गदर्शन में उपकमाण्डेड उगमाराम के नेतृत्व में आरएएफ व पुलिस के जवानों की ओर से फ्लेग मार्च निकाला गया है। उप कमाण्डेंट उगमाराम ने

नावां. पुलिस व रेपिड एक्शन फोर्स के जवान फ्लेग मार्च निकालते हुए।

बताया कि संवेदनशील व अतिसंवेदनशील क्षेत्रों में परिचित अभ्यास किया गया साथ ही स्थानीय पुलिस के साथ मुख्य बाजार व साम्प्रदायिक रुप से संवेदनशील क्षेत्रों से मार्च निकाला गया। जिससे भविष्य में जरूरत पडने पर उस स्थान व क्षेत्र में तुरन्त पहुंचकर शीघ्र प्रभावी कार्रवाई की जा सके।

इसके साथ ही पुलिस थाने के शांति समिति के सदस्यों व जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक कर शांति व भाईचारे से मिलने रहने ओर अप्रिय घटना होने पर तुरन्त बातचीत कर सुलझाने के बारे में समझाया गया। उगमाराम ने बताया कि परिचय अभ्यास के दौरान इलाके की जनसंख्या, सामुदायिक दृष्टि से संवेदनशील जगहों तथा विशिष्ट व्यक्तियों की सुरक्षा तथा बलवाइयों की सूची तैयार की जाएगी। जिससे भविष्य में किसी प्रकार की कोई साम्प्रदायिक तन एवं दंगा की स्थिति घटित होने प्राकृतिक आपदा होने पर अ कारगर ढंग से उस पर नियन्‍ एवं कार्रवाई की जा सके। द्रुत व बल द्वारा किया जाने वाला यह अभ्यास है जो कि निय अन्तराल के बाद किया जाता इस अभ्यास के दौरान हम वि क्षेत्रों में जाकर वहां ग अध्ययनकर डाटा एकत्रित करते जिससे विषम परिस्थितियों में कार्य बल शांति व्यवस्था बनाने त्वरित मदद कर सके।

Nagaur Daily, Nagaur, (RAJ)

रैपिड एक्शन फोर्स ने टैगोर साइंस स्कूल के बच्चों को किया संबोधित

Teja Ram Ladanwa
Leave a comment
16 hours ago
48 Views

रिपोर्टर– विमल पारीक

कुचामनसिटी। भारत सरकार केन्द्रीय गृह मंत्रालय के अनुसार जयपुर (रेपिड एक्शन फोर्स (R.A.P) की 83 बटालियन के कमाण्डेट प्रवीण कुमार सिंह के मार्गदर्शन एवं उगमा राम (उप कमाण्डट) एवं धर्मेन्द्र सिंह मीणा के नेतृत्व में की 83 बटालियन की एक प्लाटून दिनांक 21/04/2022 से 27/04/2022 तक जिला नागौर राज के पुलिस थानों का भ्रमण परिचय अभ्यास करने के लिए आई हुई जो बुधवार को पुलिस थाना कुचामन एवं गांवो में थाना प्रभारी हनुमान सिंह एवं धर्मेशदायमा के साथ परिचित अभ्यास किया साथ ही साथ स्थानीय पुलिस के साथ मिलकर मुख्य बाजारों एवं साम्प्रदायिक रूप से संवेदनशील क्षेत्रों में फ्लैग मार्च किया।

इसके साथ पुलिस थाना कुचामन व नावा थाना के शान्ति समिति तथा प्रमुख जन प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर शान्ति एवं भाईचारे से रहने तथा अप्रिय घटना होने पर तुरन्त बातचीद्वारा सुलझाने के बारे में समझाया। इस दौरान बटालियन के द्वारा टैगोर साइंस स्कूल कुचामन का भी दौरा किया। टैगोर साइन्स स्कूल में वृक्षारोपण किया व पक्षियों के लिए परिंडे लगाने का कार्य किया। इसके अलावा स्कूल के बच्चों को सम्बोधित कर उनका मार्ग दर्शन किया, सशस्त्र बलों व अधसैनिक बलों में विभिन्न स्तरों पर भर्ती के बारे में जानकारी के दौरान स्कूली बच्चों का उत्साह देखा था।

Rajasthan Darshan,Amer,(Raj)

रेपिड एक्शन फ़ोर्स 83 बटालियन ने किया योगाभ्यास

राजस्थान दर्शन, आमेर। भारत सरकार द्वारा चलाये जा रहे आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत योगा अभियान के तहत योग के प्रति आम जनता में जागरूकता लाने के लिए वाहिनी द्वारा विभिन्न ऐतिहासिक स्थलों पर योग कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।राजधानी जयपुर के लालवास स्तिथ रेपिड एक्शन 83 बटालियन की ओर से आमेर फोर्ट में प्रवीण कुमार सिंह कमाण्डेण्ट के नेतृत्व में योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के दौरान श्रीराम शर्मा सहायक कमन्डेन्ट ने कार्यक्रम में उपस्थित 83 बटालियन के अधिकारियों एवं जवानों एवं आमजन का आभार व्यक्त करते हुये योग का मनुष्य के जीवन में महत्त्व को बताया। साथ ही योग से होने वाले लाभों से अवगत करवाया । आगामी 21 जून को आने वाले 8वें अंतराष्ट्रीय योग दिवस के तत्वाधान में चलाये जा रहे योग कार्यक्रमों के बारे में भी जानकारी दी गयी। कार्यक्रम में निरीक्षक महेश पूरी एवं वाहिनी के योग प्रशिक्षण प्राप्त कार्मिक सिपाही रोहिताश ने आमेर फोर्ट में उपस्थित सभी कार्मिकों एवं आम जन को योग अभ्यास करवाया।



Photos of Deployment/Fam-Ex/Other Activities of RAF

ROAD SAFETY AND MEDITATION EXERCISE PROGRAM 106BN RAF, JAMSHEDPUR (JKD)

सी०आर०पी०एफ० सदा अजेय, भारत माता की जय।